संक्षिप्त

मोरेल डैम से भी दोनों नहरों में खोला पानी

बौंली- बामनवास। सवाई माधोपुर एवं दौसा जिले की सीमा पर स्थित एशिया का सबसे बड़े कच्चे मोरेल डैम की दोनों नहरों में शुक्रवार को विधि विधान से पूजा के बाद मोरी खोलकर पानी छोड़ दिया गया है, जिससे किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई मोरेल डेम की नहरो से दौसा, व सवाई माधोपुर जिले के 83 गांव जिसमें बौंली, बामनवास, मलारना डूंगर व लालसोट उपखंड की करीब 19हजार बीघा जमीन की सिंचाई के लिए पानी मिलेगा शुक्रवार को सिंचाई विभाग के सहायक अभियांता चेतराम मीना लालसोट, कनिष्ठ अभियांता विनोद मीना मलारना चौड की उपस्थिति में जल वितरण समिति के अध्यक्ष कानजी मीना, राजस्थान किसान सभा के जिला अध्यक्ष कानजी मीना ने किसानों सहित शुक्रवार को 11:15 पर विधि विधान से पूजा करने के बाद मोरेल डेम से दोनों नहरों में मोरी खोलकर पानी छोड़ा गया।

जागरूकता रैली का आयोजन

कोटपूतली। जिले में रविवार 23 नवंबर से प्रारंभ हो रहे उपराष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान को लेकर शुक्रवार को जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। सीएमएचओ डॉ. आशिष सिंह शेखावत ने बताया कि जिले में उपराष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के अन्तर्गत जन्म से पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक सभी बूथों पर पिलाई जायेगी। आरसीएचओ डॉ. अरविन्द अग्रवाल ने रैली के बाद उपराष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान की बच्चों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अपने बच्चे की सुरक्षा में कोई चूक ना होने दे, पोलियो की खुराक हर बार पिलाये, पोलियो पर देश की जीत बनाये रखने में अपना योगदान दें। इस दौरान डिप्टी सीएमएचओ डॉ. प्रमोद सिंह भदौरिया, डीएनओ रविकांत जांगिड़ एवं स्कूल के अध्यापक उपस्थित रहे।

सौंपा ज्ञापन

राजगढ़ । राजस्थान पेंशन समाज उप शाखा राजगढ़ की ओर से आरजीएचएस योजना के तहत दवाई नहीं मिलने को लेकर उपखंड अधिकारी सुश्री सीमा मीणा एवं ब्लॉक सीएमएचओ विशाल सिद्ध को ज्ञापन सौपा। पेंशनर समाज के वरिष्ठ सदस्य योगेश वशिष्ठ एवं अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में बताया कि राजगढ़ सामुदायिक चिकित्सालय की ओर से योजना का लाभ पेंशनरों को नहीं मिल रहा है। इस वजह से पेंशनरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस अवसर पर पेंशन समाज के संरक्षक योगेश वशिष्ठ, नरेंद्र शर्मा, राजेश शर्मा, किशोर मुखर्जी, रामावतार सिद्ध, सुरेश्वर दयाल शर्मा, बलराम अग्रवाल, भगवान साहू, अशोक सेन एवं अन्य पेंशनर मौजूद रहे।

तप कल्याणक महोत्सव मनाया

निवाई/गुंसी। सकल दिगम्बर जैन समाज विज्ञातीर्थ के तत्वावधान में जैन आर्यिका ज्ञानश्री माताजी के सानिध्य में भगवान पुष्पदंत का जन्म और तप कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने विश्व शांति की कामना करते हुए भगवान शांतिनाथ की शांतिधारा की। विज्ञातीर्थ पर आर्यिका सुविधिमति माताजी का मंगल प्रवेश हुआ। सर्व प्रथम भगवान जिनेन्द्र देव के अभिषेक करने का सौभाग्य दिगम्बर जैन अग्रवाल समाज के अध्यक्ष विष्णु बोहरा, ओमप्रकाश ललवाड़ी, विमल पाटनी व डब्बू संघी सहित कई श्रद्धालुओं को मिला।

'बीएलओ निर्धारित समय सीमा में शून्य त्रुटि के साथ कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें'

खैरथल। अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट ने शुक्रवार को तिजारा विधानसभा क्षेत्र में एएसडी श्रेणी के मतदाताओं का फिजिकल वेरिफिकेशन करते हुए चुनावी कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत असलीमपुर के बूथ संख्या 183, ग्राम हिंगवाहेड़ा के बूथ संख्या 184, होसिंगपुर के बूथ संख्या 69 तथा कृष सोसाइटी टपूकड़ा क्षेत्र के बूथ संख्या 106 पर पहुंचकर मतदाताओं का भौतिक सत्यापन किया।

इसके अलावा उन्होंने कुल 11 हाउसहोल्ड का निरीक्षण करते हुए शिफ्ट हुए मतदाताओं का रिकॉर्ड मिलान किया तथा उच्च आवासीय सोसाइटियों में डोर-टू-डोर जाकर मतदाताओं का सत्यापन कर आवश्यक निर्देश दिए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ को निर्देशित किया कि वे त्रुटि-रहित फॉर्म भरते हुए कार्य को पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा करें। साथ ही जिले के सभी मतदाताओं से अपील की कि वे अपना गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को अवश्य जमा कराएं, ताकि उनका नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची में शामिल हो सके।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट ने मतदाताओं का फिजिकल वेरिफिकेशन करते हुए चुनावी कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर जाट ने बताया कि जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा 21 नवंबर को जारी 4:00 बजे तक की प्रगति रिपोर्ट के अनुसार, जिले में डिजिटाइजेशन की कुल प्रगति अब 58.22 प्रतिशत तक पहुँच गई है। अब तक 453913 गणना प्रपत्रों को ऑनलाइन किया जा चुका है। जिले के

- **एडीएम ने तिजारा विधानसभा क्षेत्र में किया एएसडी मतदाताओं का फिजिकल वेरिफिकेशन**

तीनों विधानसभा क्षेत्रों में कार्य निष्पादन का स्तर निरंतर सुधर रहा है। किशनगढ़ बास विधानसभा क्षेत्र में कुल 67.29 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जो जिले में किसी भी ईआरओ द्वारा किया गया सर्वाधिक कार्य है।

मुंडावर विधानसभा: इस क्षेत्र ने भी उल्लेखनीय गति दिखाई है और 63.24 प्रतिशत प्रगति के साथ 1 दिन में लगभग 7 मतदाताओं के गणना प्रपत्र भरे गए। तिजारा विधानसभा: यहाँ भी कार्य में स्थिरता आई है।

55.45 फीसदी गणना प्रपत्र हुए डिजिटाइज

टोंक। जिले में मतदाता सूचियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) किया जा रहा है। जिसके तहत सभी मतदाताओं के वार्ड वाइज बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित कर रहे है। साथ ही गणना प्रपत्र के मतदाता द्वारा भरने के पश्चात डिजिटाइजेशन करने का कार्य भी तीव्रगति से चल रहा है। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल के निर्देश पर सभी इआरओ व एइआरओ एवं इस कार्य से जुड़े अधिकारी निरंतर इसकी मॉनिटरिंग कर रहे है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी रामरतन सौंकरिया ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी कल्पना अग्रवाल के मार्ग दर्शन में लगातार मतदाताओं के गणना प्रपत्र भरने का कार्य किया जा रहा है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में टीमे लगातार कार्य कर रही है। जिन बीएलओ का काम बेहद सराहनीय रहा उन्हें सम्मानित किया जा रहा है।

कलक्टर ने 'हमारा शौचालय, हमारा भविष्य' अभियान के बेहतर आयोजन के निर्देश दिए

दौसा। जिला कलक्टर देवेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक का आयोजन किया गया। जिला कलक्टर ने विभिन्न विभागीय अधिकारियों एवं पंचायत समिति विकास अधिकारियों को 10 दिसम्बर तक चलने वाले 'हमारा शौचालय, हमारा भविष्य' अभियान के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए दिशा-निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार स्वच्छता को लेकर काफी गंभीर है। शहर, गांव एवं गली-मोहल्लों सहित हर जगह की साफ-सफाई को लेकर सतत प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 'हमारा शौचालय, हमारा भविष्य' अभियान शुरू किया गया है जिसके तहत आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने और

- **10 दिसम्बर तक चलेगा 'हमारा शौचालय, हमारा भविष्य' अभियान**

शौचालय के उपयोग के लिए प्रेरित करें। उन्होंने विभिन्न विभागों को सौंपी गई जिम्मेदारियों का समुचित ढंग से निर्वहन करते हुए अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिला कलक्टर ने सांसद-विधायक लेड योजना की प्रगति की पंचायत समितिवार समीक्षा कर स्वीकृत कार्य शीघ्र पूरे कराने के निर्देश दिए। उन्होंने विधायक जनसुनवाई केन्द्रों की स्थापना की प्रगति, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान योजना के प्रस्तावों, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), स्वामित्व योजना सहित ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। जिला परिषद दौसा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बिरदी चन्द गंगवाल ने 'हमारा शौचालय, हमारा भविष्य' अभियान पर चर्चा करते हुए बताया कि पंचायत समितियों की ओर से इस अभियान के संबंध में ग्राम पंचायतों को 22 एवं 23 नवम्बर को प्रशिक्षण दिया जाएगा। ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति (वीडब्ल्यूएससी) की बैठक आयोजित कर 'हमारा शौचालय हमारा भविष्य' अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर ग्राम पंचायत स्तर पर सफाई कर्मचारियों का सम्मान एवं लाभार्थियों को व्यक्तिगत शौचालयों के स्वीकृति पत्र वितरित किये जाएंगे। स्थानीय प्रतिष्ठित हस्तियों, पद्म पुरस्कार विजेताओं, सेवानिवृत्त सशस्त्र बल और अर्धसैनिक बल कर्मी, वरिष्ठ नागरिक एवं युवा समूहों (एनएसएस, एनवाईकेएस, एनसीसी आदि), वार्डपंच और स्कूली बच्चों को इस अवसर पर आमंत्रित किया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य व्यक्तिगत व घरेलू शौचालय एवं सामुदायिक स्वच्छता परिसर की निरन्तर उपलब्धता एवं उपयोगिता को बढ़ावा देना है। अभियान के दौरान नये स्वीकृत हुए घरेलू एवं सामुदायिक शौचालयों के कार्यों का शुभारंभ किया जाएगा। मुख्य कार्यकारी अधिकारी बिरदी चन्द गंगवाल ने बताया कि सभी विकास अधिकारियों को 25 नवम्बर तक मरम्मत योग्य एवं सौन्दर्यीकरण के लिए सामुदायिक शौचालयों को चिन्हित करना है।

बालक की मौत पर पांचवें दिन भी धरना जारी

देवली। गोपीपुरा निवासी 5 वर्षीय हिमांशु धाकड़ के परिजनों को आर्थिक सहायता सहित अन्य मदद दिलाने के समर्थन में कांग्रेसी पार्षद और जैन समाज ने भी अपनी तरफ से समर्थन दिया है। धरना स्थल पर कांग्रेसी पार्षद भीमराज जैन ने कहा कि ऊर्जा मंत्री की एस्कॉर्ट मे चल रहे पुलिस की वाहन की टक्कर से जिस 5 वर्षीय मासूम बच्चे की मृत्यु हो गई है उस बच्चे को

- **मृतक बालक के परिजनों को इंसाफ दिलाने के लिए जैन समाज और कांग्रेस ने भी दिया समर्थन**

कानूनी तौर पर इंसाफ मिलना चाहिए और राज्य सरकार की ओर से मृतक बच्चे के परिजनों को आर्थिक मदद के साथ सरकारी नौकरी दी जानी चाहिए कांग्रेसी पार्षद भीमराज जैन और सतनारायण सरसडी ने कहा कि राजस्थान प्रदेश सरकार के मंत्री की पुलिस एस्कॉर्ट कर रही थी।

इस दौरान पुलिस के ओवर स्पीड वाहन ने 5 वर्षीय हिमांशु धाकड़ को टक्कर मार दी थी जिससे मासूम की

परिजनों को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग को लेकर पांचवें दिन अनिश्चितकालीन धरना जारी रहा।

मौत हो गई। भीमराज जैन ने धरना स्थल पर कहा कि ऊर्जा मंत्री के सामने बच्चा मर गया। ऐसे में उक्त परिवार के मुआवजा की मांग उचित है । और मृतक के परिवार को मुआवजा मिलना चाहिए । और राज्य सरकार की ओर से सहायता और मुआवजा परिजनों को बिना आंदोलन के मिलना चाहिए था। लेकिन राज्य सरकार इस गंभीर दुर्घटना की ओर ध्यान नहीं दे रही है। जिसके कारण परिजन और धाकड़ समाज सहित अन्य समाज को धरना प्रदर्शन करना पड़ रहा है। इस पर जैन का मानना है कि इस मामले में सभी समाज को आगे बढ़कर पीड़ित परिवार के पक्ष में समर्थन देना चाहिए।

उल्लेखनीय की गोपीपुरा निवासी हिमांशु धाकड़ के परिजनों को आर्थिक सहायता सहित अन्य मदद दिलाने की मांग को लेकर शुक्रवार को भी पांचवें दिन अनिश्चितकालीन धरना जारी है।इस दौरान धरना स्थल पर वक्ताओं ने सरकार की नीतियों को जमकर कोसा और मृतक बालक के परिजनों को तुरंत सहायता दिलाने की मांग की। इसे लेकर जैन समाज की ओर से पदाधिकारी धरना स्थल पर पहुंचे और अनिश्चितकालीन धरना दे रहे लोगों को अपना समर्थन दिया है । यहां पार्षद भीमराज जैन ने कहा कि यह बेहद दुखद घटना है कि मंत्री की एस्कॉर्ट कार से दुर्घटना होती है और सरकार परिजनों की कोई सुध नहीं लेती।

जाम की स्थिति से निजात दिलाने के लिए अतिक्रमण हटाया

किशनगढ़ बास। एसडीएम मनीष कुमार के निर्देश पर नगर पालिका ने तोप सर्किल के आसपास व बस स्टैंड, अन्नपूर्णा रसोई के पास एवं तोप सर्किल से अस्पताल तक सड़क के दोनों ओर हों रहे अस्थाई अतिक्रमण साफ कराया तथा सड़क पर यातायात प्रभावित कर रही करीब आधा दर्जन रेडी ठेली को जप्त कर नगर पालिका पहुंचाया। नगर पालिका की इस कार्रवाई से रेडी ठेली वालों में हड़कंप मच गया। नगर पालिका अधिकारी ने कहा अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी जल्द ही मुख्य बाजार, गंज रोड से अस्थाई अतिक्रमण हटाया जाएगा।

उल्लेखनीय हे की पिछले दिनों तोप सर्किल पर रात में ईंटों से भरा ट्रक सर्किल से टकराता हुआ खोखों में जा घुसा और करीब 13 खोखो में आग लगी थी जिसमें लाखों का सामान जलकर खाक हो गया था। तोप सर्किल से पेट्रोल पंप, खैरथल रोड महावर धर्मशाला व अलवर रोड तहसील तक सड़क के दोनों ओर अस्थाई अतिक्रमण एवं रेंडी ठेली, रिक्शा, प्राईवेट बस व टेंपू खड़े रहने से जाम की स्थिति बनी रहती है वहीं दुघर्टना का अंदेशा बना रहता है।

नगर पालिका कनिष्ठ अभियंता गगन गर्ग व कनिष्ठ लिपिक सुरेश चंद

- **एसडीएम के निर्देश पर नगर पालिका ने अतिक्रमण के खिलाफ चलाया अभियान**

शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को शहर में जाम की स्थिति को देखते हुए एसडीएम मनीष कुमार व ईओ राहुल अग्रवाल के निर्देश पर तोप सर्किल के आसपास रेडी ठेली वालों को व्यवस्थित कराया गया तथा यातायात प्रभावित कर रही करीब आधा दर्जन रेडी ठेली को जप्त करने की कार्रवाई की गई। इसी के साथ बस स्टैंड के अंदर व अन्नपूर्णा रसोई के आसपास तथा तोप सर्किल से अस्पताल तक सड़क के दोनों ओर से अस्थाई अतिक्रमण को हटाया गया और लोगों को सड़क पर सामान नहीं रखने के लिए समझाइश की गई।

नगर पालिका अधिकारियों ने बताया कि अति कर्मियों को पूर्व में समझाइश कर अतिक्रमण हटाने के लिए कहा गया था। लेकिन समझाइश के बाद भी लोगों ने अतिक्रमण नहीं हटाया। अधिकारियों ने कहा है कि बार बार समझाइश के बाद भी यातायात व्यवस्था को बिगाड़ने वालों के विरुद्ध जुर्माना वे जप्त की कार्रवाई की जाएगी।

अलवर में केंद्रीय बस स्टेण्ड पर मातृ एवं शिशु सुविधा केंद्र का शुभारंभ

अलवर। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने केंद्रीय बस स्टेण्ड अलवर परिसर में मातृ एवं शिशु सुविधा केंद्र (बेबी केयर सेंटर) का फीता काटकर शुभारम्भ किया और कहा बस स्टैंड जैसे स्थानों पर बड़ी संख्या में महिलाओं का आवागमन रहता है और उनको खुले में अपने बेबी को फीडिंग करवाने में होने वाली असुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर विकास न्यास के माध्यम से केंद्रीय बस स्टेण्ड पर यह एक अभिनव पहल की गई है। उन्होंने ने बताया इस बेबी केयर सेंटर को करीब 35 लाख रुपए की लागत से तैयार किया गया है। यह आधुनिक तकनीक पर आधारित है, इसमें महिलाओं के लिए फीडिंग रूम, वेटिंग रूम,ड्रेसिंग रूम, बच्चों को खेलने के लिए स्पेस एवं आधुनिक टॉयलेट है और यह पूर्णतया वातानुकूलित भी है। इसका रखरखाव सीएसआर मद से कराया जावेगा। साथ ही इसकी सुरक्षा व्यवस्था की भी व्यवस्था रहेगी।

उन्होंने बताया जिला कलेक्टर

कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला ने केंद्र का फीता काटकर शुभारम्भ किया।

कार्यालय में भी बड़ी संख्या में महिलाओं का आवगमन होता है,वहां भी महिला अधिकारी का विभाग के सहयोग से बेबी केयर सेंटर करीब एक साल से संचालित किया जा रहा है।

जिला कलेक्टर के द्वारा बेबी केयर सेंटर के शुभारंभ के कुछ समय पश्चात ही बहादुरपुर निवासी बहने कोमल व कुसुम जो कि अपने बच्चों के साथ जयपुर जाने के लिए केंद्रीय बस स्टैंड आई थी।दोनों बहनों ने बेबी केयर सेंटर में उपलब्ध कराई गई आधुनिक सुविधाओं को देखकर अभिभूत नजर आई। उन्होंने कहा कि बस स्टेण्ड पर यात्रा के दौरान बच्चों को दूध पिलाने में बहुत असुविधा होती थी,अब यह जगह जिला प्रशासन द्वारा इतनी बेहतरीन में आधुनिक सुविधाओं के

- **35 लाख से बने बेबी केयर सेंटर वातानुकूलित, आधुनिक फीडिंग रूम व फर्नीचर के साथ टॉयलेट व पेयजल की है व्यवस्था**

साथ उपलब्ध कराई है इसके लिए उन्होंने जिला प्रशासन का आभार जताया। इस दौरान नगर विकास न्यायाधीश की सचिव धायगुडे स्नेह नाना, शहर बीना महावर, यूआईटी के अधीक्षण अभियंता तैयब खान,पर्यटन विभाग की उपनिदेशक टीना यादव, पीडब्ल्यूडी की अधिशासी अभियंता अल्का व्यास, यूआईटी के अधिशासी अभियंता अशोक मदान, मत्स्य नगर आगर के मुख्य प्रबंधक कुलदीप शर्मा एवं अलवर आगार की मुख्य प्रबंधक सपना मीणा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

पुलिस के जवानों ने दिया गॉड ऑफ ऑनर

निवाई। उनियारा पुलिस थाने के यातायात प्रभारी रामूलाल मीणा निवासी सीदडा का उनके पैतृक गांव सीदडा में राजकीय सम्मान के साथ अन्तिम संस्कार किया गया। इस दौरान पुलिस की टुकडी ने गॉड ऑफ ऑनर पेश किया। पूर्व सीआर व स्व. हैड कांस्टेबल मीणा के पुत्र रमेश मीणा ने बताया कि उसके पिता रामूलाल मीणा उनियारा पुलिस थाने में यातायात प्रभारी के पद पर नियुक्त थे। वह राजकीय कार्य के लिए निवाई आये थे। इसी दौरान उनकी मोटरसाईकिल के अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायल रामू को उप जिला अस्पताल निवाई में भर्ती करवाया। जिनकी चिंताजनक स्थिति होने पर चिकित्सकों ने उनको जयपुर रैफर कर दिया। जयपुर में उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड दिया। पुलिस ने शव का पोस्ट मार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने गुरूवार को शव को तिरंगा में लपेटकर गॉड ऑफ ऑनर देकर राजकीय सम्मान के साथ परिजनों की मौजूदगी में अन्तिम संस्कार किया।

सेस निर्धारण के लिए श्रम विभाग की कार्यवाही

दौसा। श्रम विभाग ने उपकर (सेस) संग्रहण और वसूली की कार्यवाही के लिए शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर सात स्थानों पर क्षेत्रफल मापन एवं सर्वे की कार्यवाही की।

श्रम विभाग इन संस्थानों को

तीये की बैठक

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूजनीय माताजी **श्रीमती प्रभाती देवी** धर्मपत्नी स्व. श्री महादेव जी घौसल्या का स्वर्गवास दिनांक 20.11.2025 को हो गया है। तीये की बैठक 22.11.2025 को दोपहर 2 से 4 बजे तक निवास स्थान महादेव बाबा की ढाणी सिंवार, वार्ड 45, जयपुर में रखी गई है।

शोकाकुल- तेजाराम, भैरूराम, जयनारायण, बाबूलाल, रामचन्द्र, राजेन्द्र, हनुमान, गोपाल, शिवप्रसाद, गणेश, पांचुराम (पुत्र), मोहन, ओमप्रकाश, हेमंत रामस्वरूप, हंसराज, सक्षम, सरदार, जयप्रकाश, डॉ. सुनील, अनिल, राहुल (पौत्र), कनिष्क, कुणाल (षड्पौत्र) एवं समस्त घौसल्या परिवार

नाम परिवर्तन

मेरे पुत्र मोहम्मद अयान की 8वीं की अंकतालिका में मेरा नाम MO. IMRAN दर्ज है जबकि मेरा वास्तविक नाम MOHAMMAD IMRAN पुत्र अब्दुल अजीज निवासी 2542 कमनीगरों का मौहल्ला, कांवटियों का खुर्रा, रामगंज बाजार जयपुर है। भविष्य में मुझे MOHAMMAD IMRAN नाम से जाना पहचाना जावें।

मैंने अपना नाम भव्य से बदलकर भव्य वर्मा रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम भव्य वर्मा पुत्र श्री आशीष वर्मा निवासी फ्लैट नम्बर-11 अरिहंत पाल्म, कनक विहार चोरडिया सिटी, कमला अजमेर रोड, वैशाली नगर, जयपुर के नाम से जाना जाये।

मैंने अपना नाम IQRA से बदलकर IQRA ASIF पुत्री आसिफ इकबाल निवासनी 1340, अपोजित सिटी हास्पीटल, मोती डूंगरी रोड, जयपुर रख लिया है भविष्य में मुझे IQRA ASIF के नाम से जाना पहचाना जावें।

मैंने अपना नाम भूरी गुर्जर से बदलकर भंवरी रख लिया है। भविष्य में मुझे भंवरी पुत्री हरिनारायण गुर्जर के नाम से जाना जावें। निवासी ग्राम टिकेल नरूकान, तहसील फागी, जिला जयपुर राजस्थान

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किलान राकेश बाबू पुत्र श्री रंगीलाल एवं श्रीमती कालिन्दी देवी पत्नि राकेश बाबू निवासीगण प्लाट नंबर 18 आर.के.पुरम, सीतापुरा, सांगानेर, जयपुर की पुत्री पल्लवी यादव मेरे मुवक्किलान के कहने में नहीं है, अपनी मनमानी करती है, हमारी कोई सेवा नहीं करती, हमें अपमानित करती रहती है, इसलिए मेरे मुवक्किलान ने अपनी पुत्री पल्लवी यादव को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, आज से पल्लवी यादव मेरे मुवक्किलान व उनकी चल-अचल सम्पत्ति से कोई संबंध व हक अधिकार नहीं रहा है तथा पल्लवी यादव के द्वारा किये जाने वाले संव्यवहार व कार्यों के बारे में मेरे मुवक्किलान की किसी प्रकार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। अतः सूचित रहे। (उदय सिंह)
दिनांक : 20.11.2025 एडवोकेट, मो. 9414371507

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2025/865 चूंकि प्रार्थी श्री SALIM ABBASI, PLOT NO. 43, GM NURSING HOME, HASANPURA-A, JAIPUR RAJASTHAN ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास ABDUL KALAM AMBEDKAR EDUCATIONAL SOCIETY, 43, GM NURSING HOME, HASANPURA-A, JAIPUR RAJASTHAN के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 17.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 20.01.2026
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना
(साधारण प्रारूप)
(व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4)
न्यायालय...उपखण्ड अधिकारी... स्थान... सांभरलेक...गुलाब...विरूद्ध...अब्दुल वहीद वगै....
प्रार्थना पत्र हस्ब आर्डर 9 रूल 7,13 सपठित धारा 151 जा.दी.
प्रार्थना पत्र संख्या 131/2025
बनाम 1/1 अब्दूल करीम पुत्र स्व. मकबूल खां जाति मुसलमान नि. झोटवाडा जयपुर 1/2 मोहम्मद रमजान, 1/3 लियाकत अली, 1/4 अब्दूल रशीद, 1/5 मोहम्मद रफीक, 1/6 चांद बानो समस्त पुत्र/पुत्रीया स्व. मकबूल खां जाति मुसलमान नि. बरडोठी मोहल्ला सांभरलेक तहसील फुलेरा जिला जयपुर 1/7 नजीरन पत्नि स्व. माहम्मद इब्राहिम पुत्र स्व. गुलाब, 1/8 दीन मोहम्मद, 1/9 मुन्नी, 1/10 मुस्तकीन खां, 1/11 अब्दूल सतार पुत्र/पुत्रीया स्व मोहम्मद इब्राहिम जाति मुसलमान नि. सी-172-173 भट्ठा बस्ती शास्त्री नगर जयपुर, 1/12 मोहम्मद शरीफ पुत्र मोहम्मद इब्राहिम नि. बरडोठी माहल्ला सांभरलेक जिला जयपुर, 1/13 परवीना, 1/14 जुल्फीकार, 1/15 रूबीना, 1/16 नियाज हुसैन, 1/17 हैदर अली, 1/18 इस्लामुद्दीन पुत्र/पुत्रीया मोहम्मद इब्राहिम जाति मुसलमान नि. सी 172-173 भट्ठा बस्ती शास्त्री नगर जयपुर। उक्त प्रार्थी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि ...जिसकी नकल संलग्न है।
अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 08 माह 12 सन् 2025 को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेगे तो उक्त आदेश को सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।
यह आज ता. 19 माह 11 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय कीमुद्रा लगाकर दी गई।
मोहर अदालत
आज्ञा से-रीडर
उपखण्ड अधिकारी
सांभर लेक

प्रारूप-10 (नियम 6(7) देखिए)
कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगर पालिका मण्डल जोबनेर जयपुर
लोक सूचना
क्रमांक-71 दिनांक-20.11.2025
रणजीत सिंह हपावत पुत्र श्री सवाई सिंह हपावत निवासी चारणवास, काली पहाडी जिला जयपुर के द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक (आवासीय/व्यवसायिक रूपान्तरण) प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अर्थात-

जिले सहित नगर का नाम	ग्राम का नाम	खसरा नं.	क्षेत्र
आसलपुर जिला जयपुर	आसलपुर तहसील जोबनेर जिला जयपुर	1921/1567 1919/1275	खसरा नं. 1921/1567 रकबा 0.2529 है. एवं खसरा नं. 1919/1275 रकबा 0.3666 है. भूमि को अकृषि (आवासीय/व्यवसायिक रूपान्तरण)

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारी के निर्णयन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षर के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 20.11.2025 को जारी की गयी।
प्राधिकृत अधिकारी, (अधिशाषी अधिकारी) नगरपालिका मण्डल जोबनेर

कार्यालय नगर पालिका मण्डल बस्सी जिला जयपुर (राज0)
क्रमांक : न.पा.ब./2025-26/1732 दिनांक : 14.11.2025
निविदा सूचना
कार्यालय नगर पालिका मण्डल बस्सी, जयपुर द्वारा निम्न कार्य कराने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा सूचना राजस्थान लोक उपापन पोर्टल की एसपीपीपी व ई-प्रोक पर देखी व डाउनलोड की जा सकती है। जिसकी टेण्डर आईडी और एनआईबी संख्या DLB2526A8092 है।

Sr.no	UBIN No	Sr.no	UBIN No
1	(DLB2526WSOB24299)		

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका,बस्सी
राज.संवाद/सी/25/14266

कार्यालय पंचायत समिति गोविन्दगढ़, जयपुर
Email ID: bdo.jai.gov@gmail.com, Phone No. 01423-230025
क्रमांक-पंसगो/लेखा/ई-निविदा/2025/155 दिनांक-18.11.2025
निविदा सूचना संख्या /2025-26
वित्तीय वर्ष 2025-26 में पंचायत समिति गोविन्दगढ एवं अधीनस्थ ग्राम पंचायतों में विभिन्न योजनाओं में स्वीकृत कार्यो/संकर्म हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत प्रतिष्ठानों/संवेदकों स निर्धारित प्रपत्र में निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण eproc.rajasthan.gov.in व sppp.rajasthan.gov.in से upload/download की व देखी जा सकती है।
NIB NO. PFA2526A0322 TO PFA2526A0324, UBN NO. PFA2526WSOB00323 TO PFA2526WSOB00325
विकास अधिकारी
पंचायत समिति गोविन्दगढ
(जयपुर)

जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड
प्रगतिमय शक्ति सूर्यमयी
पंजीकृत कार्यालय - विद्युत भवन, ज